हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार, 17 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26 .5 डिग्री
न्यूनतम 6 .5 डिग्री

रेजांगला शौर्य दिवस समारोह कल शहीद परिवारों को होगा सम्मान 12



श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर शहर में श्रद्धापूर्वक निकाली यात्रा 12



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना बावल पुलिस ने हादसे के बाद 9 अक्टूबर को चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने इस मामले में टांकड़ी निवासी दीपक को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने 6 नवंबर को हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में यूपी के पोहकर निवासी ट्रॉला चालक यादवेंद्र को गिरफ्तार किया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद दो आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### दहेज उत्पीड़न मामलों में दो गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो विवाहिताओं की शिकायत के आधार पर अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। मामले दर्ज करने से पहले पुलिस ने समझौता कराने के प्रयास किए थे। 11 अक्टूबर को दर्ज किए गए मामले में पुलिस ने राजस्थान के कमनावास निवासी नागेंद्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 18 नवंबर को दर्ज मामले में भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बुलेट बाइक के साथ एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** कसोला थाना पुलिस ने सितंबर माह में बुलेट बाइक की टक्कर से हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में चालक को गिरफ्तार किया है। सड़क हादसे में घायल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया था। पुलिस ने 18 जुलाई को बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने बनीपुर निवासी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। उसकी बुलेट बाइक भी कब्जे में ली गई है। आरोपी को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### एनडीपीएस एक्ट का आरोपी रिमांड पर

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस ने 31 अक्टूबर को एक आरोपी नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पूछताछ की तो उसने बताया कि आदर्श नगर निवासी कृष्ण कुमार ने उसे नशीला पदार्थ मुहैया कराया था। पुलिस ने आरोपी कृष्ण को भी गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुरा।** थाना रामपुरा पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 28 अक्टूबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार ने मामले की जांच की थी। जांच के बाद राजस्थान के मीरपुर निवासी अंकित और टींट गांव निवासी हेमंत को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजदिया गया।

### मारपीट मामले के एक और काबू

**जाटूसाना।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने 27 अक्टूबर को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अब एक और आरोपी लिसाना निवासी राहुल को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

*बड़े किसानों के लिए साबित नहीं हो रहे कारगर, कोहरा शुरू होते ही साबित होने लगते हैं शोपीस*

# सोलर सिस्टम से किसानों का मोह भंग, कनेक्शन मिलते ही बदल रहे पंप, खेतों के पैनल अब छतों पर

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा रिन्यूवेबल एनर्जी डिपार्टमेंट यानि हरेडा की ओर से लगभग एक दशक पूर्व किसानों के लिए तीन चौथाई अनुदान पर शुरू किया गया सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम कार्यक्रम खेतों में दम तोड़ता नजर आने लगा है। मौसम आधारित होने के कारण बड़े किसानों की उम्मीद पर सोलर पंप सेट खरे नहीं उतर रहे हैं, जिस कारण किसान सिंचाई के लिए बिजली आधारित पंप सेटों पर ही जोर देने लगे हैं। जिन किसानों को बिजली कनेक्शन मिल रहे हैं, वह सोलर पंप सेटों को खेतों से हटाकर पैनल अपने घरों की छतों पर लगा रहे हैं। इनसे घरों में बिजली आपूर्ति का काम लिया जा रहा है।

हरेड़ी की ओर से किसानों को अपने खेतों में सोलर पंप सेट लगवाने के लिए 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। लगभग एक दशक पूर्व किसानों का रुझान सोलर पंप सेट लगवाने की ओर बढ़ने लगा था। इसका कारण यह था कि प्रदेश सरकार ने डार्क जोन में नए कृषि बिजली कनेक्शनों पर रोक लगाई हुई थी। खेतों की सिंचाई के लिए किसानों को सोलर पंप सेट के रूप में एक विकल्प मिला था, जिसका शुरूआती दौर में किसानों ने खूब फायदा उठाया। खासकर खोल खंड में सर्वाधिक सोलर पंप सेट स्थापित किए गए। लगभग 4 लाख रुपये की लागत से 10 किलोवाट क्षमता के पंप सेट लगाए गए, जिनके लिए किसानों से 1.10 लाख रुपये की राशि ली गई। शेष राशि को अनुदान के रूप में हरेडा ने वहन किया। सोलर पंप सेट लगाने के लिए टागेट केंद्र सरकार की ओर से फिक्स किया जाता है। योजना कारगर होने के कारण बड़ी संख्या में अभी भी किसान सोलर पंप सेट लगवाने की तैयारी कर रहे हैं, परंतु पहले पंप सेट लगवा चुके किसानों का इनसे मोहभंग होने लगा है। एक एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों के लिए इन पंप सेटों से फसलों की सिंचाई पर्याप्त रूप से नहीं हो पा रही है, जिस कारण किसान बिजली आधारित पंप सेटों का ही इस्तेमाल करने लगे हैं।

**उम्मीदों पर खरा नहीं उतरे सेट**

जिले में पांच से सात पहले जिन किसानों ने अपने खेतों में सोलर पंप सेट लगवाए थे, वह उनकी सिंचाई की जरूरतों के हिसाब से उम्मीदों पर खरा नहीं उतरे। पंप सेट लगाने वाले कंपनियों ने क्षमता के अनुरूप पैनल उपलब्ध कराने से गुरेज तो किया ही, साथ ही उनकी गुणवत्ता पर भी ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। सोलर पंप सेट को चलाने वाले पैनल पर्याप्त बिजली पैदा करने में कारगर साबित नहीं हुए, जिस कारण पंप सेट भी पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं कर पाए।



एक किसान के खेत में लगा सोलर पंप सेट

**बिजली कनेक्शन मिलते ही तौबा**

लगभग तीन साल पहले प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र में बिजली कनेक्शन पर लगी रोक हटा दी थी। इसके बाद बड़ी संख्या में किसानों ने नए कनेक्शनों के लिए आवेदन किए थे। अब इन किसानों को बिजली कनेक्शन मिलने शुरू हो गए हैं। तीन एकड़ या इससे अधिक जमीन वाले किसान बिजली कनेक्शन लेकर अपने खेतों से सोलर पंप सेट हटा रहे हैं। सोलर पंप सेटों के पैनलों को घरों में लगाकर इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि घरेलू बिजली का बिल कम हो सके।



रेवाड़ी। खेत से हटाकर मकान की छत पर लगाए गए पैनल। फोटो : हरिभूमि

**पांच साल तक की शर्त पूरी करना जरूरी**

*अनुदान पर लगाए जाने वाले सोलर पंप सेटों को पांच साल तक खेतों में रखना जरूरी होता है। अगर किसान इस अवधि के बाद बिजली का विकल्प चुन रहे हैं, तो उसकी जानकारी नहीं है। नए सोलर पैनल लगवाने के लिए बड़ी संख्या में नए आवेदन भी आ रहे हैं।*
*-रविंद्र कुमार, एपीओ।*

### घरों को रोशन कर रहे सोलर पैनल

जिन किसानों ने बिजली कनेक्शन मिलने के बाद खेतों से सोलर पैनल हटा दिए हैं, उन्होंने बिजली आपूर्ति के लिए इन पैनलों का घरेलू बिजली के लिए इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। हरेड़ा की शर्तों के अनुसार सोलर पैनल लगाने के बाद पांच साल तक उन्हें खेत से नहीं हटाया जा सकता। जिन किसानों की पांच साल की अवधि पूरी हो चुकी है, वह घरों के बिजली बिल कम करने के लिए इन पैनलों को छतों पर लगाकर इस्तेमाल करने लगे हैं।

### कोहरे व बादल छाते ही बंद



सोलर पंप सेट पूरी तरह मौसम पर आधारित होते हैं। कोहरा या बादल छाने की सूरत में पैनलों को सूरज की किरणें नहीं मिल पातीं। इससे पैनलों से बिजली उत्पादित नहीं होती। सर्दी के मौसम में दिसंबर और जनवरी माह में कई-कई दिन तक कोहरा छाया रहता है। इन दिनों में फसलों को सिंचाई की ज्यादा आवश्यकता होती, लेकिन कोहरे या बादलों की स्थिति में सोलर पंप नहीं पाते। किसानों की फसलें सिंचाई के अभाव में दम तोड़ना शुरू कर देती हैं।

## पेड़ पर फंदे से लटका मिला शव, पहचान में जुटी पुलिस

- शिनाख्त नहीं होने के कारण पुलिस ने शव को अस्पताल भिजवा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाटूसाना

गांव के खेतों में रविवार सुबह एक व्यक्ति का शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। शिनाख्त नहीं होने के कारण पुलिस ने शव को अस्पताल भिजवा दिया। जाटूसाना गांव की सीमा में मूसेपुर निवासी संजय कुमार का खेत है। इस खेत में सुबह के समय किसी ने पेड़ पर एक शव लटका देखा। इसकी सूचना गांव के सरपंच को दी गई। सरपंच ने जाटूसाना थाना पुलिस को सूचित किया तो पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर शव को पेड़ से उतरवाया गया। पुलिस के अनुसार शव तीन-चार दिन पुराना हो सकता है। शव गलना शुरू हो गया था। आसपास के गांवों में सूचना देकर पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया, परंतु शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। बाद में पुलिस ने शव को अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया।

## स्कॉर्पियों से बाइक सवार युवक को घायल करने वाले चालक पर केस दर्ज

**कोसली।** कारोली मोड़ के समीप हुई सड़क दुर्घटना को लेकर बास रतनथल गांव के एक व्यक्ति ने स्कॉर्पियो चालक के विरुद्ध कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। मामराज सिंह ने पुलिस को बताया कि 27 अक्टूबर को उनका भतीजा राजेश मोटर साइकिल से किसी काम से अगिहार जा रहा था कि दोपहर एक से दो बजे के बीच कारोली मोड से आगे सामने से आ रही एक स्कॉरपियो के चालक ने तेज गति से उनके भतीजे को सीधी टक्कर मार दी। दुर्घटना में भतीजे राजेश को काफी चोटें आई। राहगीरों ने राजेश को सरकारी अस्पताल कनीना में दाखिल कराया। जहां डाक्टर ने उसे रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया। जहां से परिजन उसे गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल ले गए। उन्होंने शनिवार को स्कॉर्पियो चालक नाहड़ निवासी इन्द्रजीत के विरुद्ध नाहड़ पुलिस चौकी में शिकायत दी। पुलिस ने चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

## स्कूटी चोरी करने के मामले में दो आरोपी काबू

- कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट के पास से स्कूटी चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। चोरी की गई स्कूटी भी पुलिस ने बरामद कर ली है।

पुलिस को दर्ज शिकायत में उत्तम नगर निवासी श्यामबाबू ने बताया था कि वह 14 नवंबर को घर से स्कूटी लेकर किसी काम से कोर्ट आया था। स्कूटी कोर्ट के बाहर खड़ी करने के बाद अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह बाहर आया तो उसे स्कूटी नहीं मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी स्कूटी का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में पीथनवास निवासी मनीष और गज्जीवास निवासी गुलशन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मनीष के कब्जे से स्कूटी बरामद की है, जबकि गुलशन ने स्कूटी चोरी करने में उसका साथ दिया था। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी गुलशन। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने किया शिमला-कुफरी का शैक्षणिक भ्रमण

- छात्रों ने हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के कई प्रमुख आकर्षणों का पता लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल के नौवीं और दसवीं कक्षा के छात्रों ने शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन के साथ शिमला और कुफरी का शैक्षणिक भ्रमण किया। तीन दिवसीय दौरे में छात्रों ने खूब मस्ती की और भारत के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के इतिहास और संस्कृति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के कई प्रमुख आकर्षणों का पता लगाया। विद्यार्थियों ने जाखू हिल और हनुमान मंदिर के अद्भुत मनोरम दृश्य सहित रिज ओपन स्पेस में पहाड़ियों के शानदार नजारे देखे। बच्चों ने उत्तर भारत के सबसे पुराने चर्च में से एक की वास्तुकला और इतिहास के बारे में जानकारी ली।



रेवाड़ी। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान शिक्षकों के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**कुफरी में रोमांचक एडवेंचर कर प्रकर्ति का लुत्फ उठाया**

कुफरी में रोमांचक एडवेंचर कर प्रकर्ति का लुत्फ उठाया। शिक्षकों ने छात्रों को उत्तरी क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक जीवनशैली और शिमला के औपनिवेशिक इतिहास के बारे में जानकारी दी। स्कूल चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने कहा कि ऐसे दौरे छात्रों के समग्र विकास और ज्ञानवर्धन के लिए आवश्यक हैं।

*सैकड़ों ग्रामीणों व नागरिकों ने भाग लिया*

## सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एनएच-71 के पास रामगढ भगवानपुर की पंचायती जमीन पर नागरिक अस्पताल को शिफ्ट करने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना रविवार को 153वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता राव रोशन लाल ने की। धरने पर रामगढ भगवानपुर के अलावा बुड़ाना, बुड़ानी, तुर्कियावास, फिदेड़ी, फदनी मांढैय्या कला, मीरपुर, गोकलपुर, सुनारिया ,असदपुर, खटावली जाट, जाटी, कुंभावास, डोहकी, डाबड़ी, नया गांव, सेक्टर-18, सरस्वती विहार, विजय नगर, आजाद नगर व साधुशाह नगर के सैकड़ों ग्रामीणों व नागरिकों ने भाग लिया।



रेवाड़ी। अस्पातल की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**जल्द ही अस्पताल निर्माण होगा : अनील कुमार**

अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक और संरपच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 11 नवंबर समिति को आश्वासन दिया है कि भगवानपुर की जमीन को स्वास्थ्य विभाग के नाम करके जल्द ही अस्पताल निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, लेकिन जब तक मांग पूरी नहीं होती तब तक धरना लगातार जारी रहेगा। मंच संचालन हनुमंत उर्फ पिलानी रामगढ ने किया।

**प्रदूषण के स्तर में भी होने लगा सुधार, एक सप्ताह तक साफ रहेगा आसमान**

# कड़ाके की ठंड की ओर बढ़ रहा मौसम, दिन के तापमान में कमी

- लगभग एक सप्ताह तक मौसम साफ बना रहने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लगभग दस दिनों से आसमान साफ रहने के बावजूद तापमान में कमी से सर्दी का असर निरंतर बढ़ रहा है। हवा की गति तेज होते ही प्रदूषण का स्तर भी कम होना शुरू हो गया है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम साफ बना रहने की संभावना है। बरसात होने की अभी कोई संभावना नहीं है। सुबह से ही आसमान साफ रहने के कारण तेज धूप निकलती है, जो ठंड से राहत देने का काम करती है। तापमान में कमी आने के कारण माह के अंत तक कड़ाके की ठंड देखने को मिल सकती है। रविवार को भी सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। दस दिनों से आसमान साफ बना हुआ है। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस गिरकर 26.5 डिग्री पर आ गया।

रात का तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे दिन के समय ठंड का असर बढ़ना शुरू हो गया है। गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस होने लगी है। सुबह और शाम के समय सर्दी ने कंपकंपी छुड़ाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार एक सप्ताह तक मौसम में बदलाव की कोई संभावना नहीं है। इस दौरान आसमान साफ बना रहेगा, लेकिन दिन के तापमान में कमी आने से ठंड का प्रकोप बढ़ना शुरू हो जाएगा। रात के तापमान में भी जल्द गिरावट देखने को मिल सकती है।



रेवाड़ी। रविवार देर शाम शहर में छाया स्मॉग। फोटो : हरिभूमि

**एक्यूआई में सुधार आने से राहत**

*रविवार को 14 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। हवा में नमी का स्तर 47 प्रतिशत रहा। तेज हवाएं चलने और धूप खिलने के कारण धारूहेड़ा का एक्यूआई कम होकर 153 पर आ गया। एक दिन पहले तक एक्यूआई 300 के करीब पहुंच गया था, जिससे प्रदूषण की चादर बनी हुई थी। मौसम साफ रहने व ठंड बढ़ने के कारण फसलों को भी अच्छा फायदा मिल रहा है। सरसों की फसल का तेजी से विकास हो रहा है। गेहूं की अगेती फसल भी जमीन से बाहर निकलने लगी है। इस समय किसानों को बरसात की जरूरत महसूस हो रही है।*

### देशी पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ नाबालिग काबू

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने करनावास के पास एक नाबालिग को देशी कट्टे व एक जिंदा कारतूस के काबू किया है। आरोपी को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि करनावास गांव में खेतों की ओर जाने वाले रास्ते पर एक लड़का खड़ा हुआ है। उसके पास हथियार हैं। वह किसी के आने का इंतजार कर रहा है। बाद मॉडल टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर लड़के ने भागने का प्रयास किया, परंतु पुलिस ने काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक देशी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ करने पर आरोपी नाबालिग निकला, जिसे जेजेबी के समक्ष पेश करने के बाद फरीदाबाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया।



# अंधकार से भरा हुआ है फिल्म इंडस्ट्री का बुरा दौर : महेश भट्ट

**मुंबई।** सारांश, सड़क और आशिकी जैसी फिल्मों के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट ने हाल ही में मनोरंजन व्यवसाय को लेकर अपनी राय पेश की है। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री हमेशा से ही लोगों का ध्यान खींचती आई है, लेकिन इंडस्ट्री के लिए यह समय सही नहीं है। एक चर्चा में महेश भट्ट ने कहा कि सोशल मीडिया ने सत्ता की ताकत को बढ़ा दिया है, जिससे सच बोलने वालों की आवाज दब जाती है। लोग अब डर के मारे चुप रहते हैं और सच्चाई को दबा दिया जाता है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग के कारण यह और भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने इसे इंडस्ट्री का अंधकारमय समय बताया।

लाइफ Style



# तमन्ना
## रोबोट संग की रैंप वॉक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में तमन्ना भाटिया फैशन डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शोस्टॉपर बनीं। एक्ट्रेस का रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस रैंप वॉक में ब्यूटी और ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का संगम देखने को मिला है।

फैंस को भी तमन्ना भाटिया का अंदाज पसंद आया। तमन्ना भाटिया ने ब्लैक वेस्टर्न आउटफिट में रैंप वॉक की। इस ड्रेस के स्लिट्स शोल्डर से एक्ट्रेस का लुक काफी यूनीक बन गया है। तमन्ना ने इस ड्रेस के साथ मेकअप भी काफी कम किया है, उनका नेचुरल लुक पूरी तरह से हाइलाइट हो रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शाहिद कपूर ने भी रैंप वॉक किया। वह ब्लैक और ब्लू कलर वाले सूट में नजर आए। वहीं, बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के दोहा टूर से कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें एक वीडियो में एक्टर को तमन्ना भाटिया के साथ परफॉरमेंस देते हुए देखा जा सकता है। दोमोम की जबरदस्त केमिस्ट्री देख फैंस को पसंद आ रही है। तमन्ना ने सलमान और कैटरीना कैफ पर फिल्माए गाने 'दिल दिया गल्लां' पर भी परफॉर्म किया जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को जोया यानी अ=कैटरीना कैफ की याद आ गई। दोहा में अपनी परफॉरमेंस के दौरान सलमान ने अपने सुपरहिट गानों पर परफॉर्म कर महफ़लि ही लूट ली। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में सलमान को अपनी फिल्मों के गाने जैसे ओ ओ जाने जाना, स्वैग से स्वागत, दीदी तेरा देवर दीवाना, कभी तू छलिया लगता है, जीने के हैं चार दिन पर परफॉर्म करते देखा जा सकता है।

हॉलीवुड मसाला




# फैंस ने की एकॉन से बदसलूकी

**मुंबई।** एक तरफ फैंस हॉलीवुड सिंगर एकॉन के म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए एक्साइटेड थे। लेकिन, कॉन्सर्ट से एक वीडियो हुआ, जिसमें फैंस ने ही उनके साथ बदसलूकी की है। वह गाना गाते हुए फैंस के बीच पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची। इससे सिंगर असहज हो गए। यूजर्स ने भी इस वीडियो पर रिएक्शन दिए, फैंस के व्यवहार सोशल मीडिया यूजर्स काफी दुखी दिखे। वायरल वीडियो में कॉन्सर्ट के दौरान एकॉन गाना गाते हुए फैंस के करीबी पहुंचे। अचानक इतना करीब एकॉन को देखकर फैंस एक्साइटेड हो गए। इसी बीच कुछ लोगों उनकी पैंट को खींचने लगे।



# कैथरीन को जंगल सफारी में खा गया था शेर...

लॉस एंजिल्स। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में एडिटर के तौर पर काम कर चुकीं 29 वर्षीय कैथरीन चैपल की ये कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। उन्हें जंगल सफारी के दौरान शेर ने दबोचा था और प्रत्यक्षदर्शी ने सिहराने वाली कहानी बताई थी। कैथरीन अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक सफारी पार्क से गुजर रही थीं, जहां खुली कार की खिड़की पर शेर ने हमला कर दिया था। हालांकि, टूर गाइड ने उन्हें बहादुरी से बचाने की कोशिश की थी। तस्वीरें खींचने के तुरंत बाद शेर ने उनपर झपट्टा मारा। देखते ही देखते ये ड्रीम हॉलीडे एक बुरे सपने में बदल गया। दरअसल, कैथरीन ने खिड़की को नीचे किया था क्योंकि उन्हें जमीन पर लेटे एक शेर की तस्वीर लेनी थी। इससे पहले कि 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की कैथरीन को एहसास होता, शेर अपने पिछले पंजे पर खड़ा हो गया।



# मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं : नोरा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही का नाम इस वक्त काफी सुर्खियों में बना हुआ है। इंडस्ट्री के कई सेलेब्स के साथ नोरा का नाम भी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी ड्रग पार्टियों की जांच में सामने आया है। अंडरवर्ल्ड डॉन के साथ नाम जुड़ते ही नोरा लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। ऐसे में अब नोरा ने खुद इन खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। नोरा फतेही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस नोट में नोरा ने ट्रोलर्स पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने लिखा, 'मैं पार्टियों में नहीं जाती। मैं लगातार काम कर रही हूं। मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं। मैं खुद के ऐसे लोगों से नहीं जोड़ती। अगर मैं छुट्टी लेती हूं, तो अपने दुबई वाले घर या फिर करीबी लोगों के साथ वक्त बिताना पसंद करती हूं.।'



# हनुमान और श्रीराम की मिली झलक

**मुंबई।** एस एस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की पहली झलक फैंस को मिल चुकी है। फिल्म 'वाराणसी' साल 2027 में रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर की शुरुआत वाराणसी नगरी की भव्य झलक के साथ होती है। इसके बाद कई सारे ऋषि हवन करते हुए नजर आते हैं। उसी हवन की अग्नि से क्षुद्रग्रह जन्म लेता है, जो सीधा आसमान से अंटार्कटिका में बहती हुई बर्फीली नदी में गिरता है। इसके बाद सीधे अफ्रीका की झलक दिखाई जाती है जहां बहुत सारे जानवर हैं। यहीं एक वानर को दिखाने के बाद ही दिखती है हनुमान की झलक। इसके बाद हनुमान को लंका जलाते हुए एक मोशन पोस्टर के रूप में दिखाया गया है। हनुमान जी को पर्वत उठाते हुए दिखाया गया है। इसके बाद वाराणसी की मणिकर्णिका घाट पर हाथ में त्रिशूल पकड़े दिखाया गया है रूद्र को।

टीवी मसाला




# अंगद तोड़ देगा तुलसी का विश्वास परिवार में बिखर जाएंगे रिश्ते

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इन दिनों टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर बना है। इस सीरियल में खूब ड्रामा चल रहा है। सीरियल के लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर का रिश्ता वक्त की कसौटी पर खड़ा है। बेटे अंगद की एक हरकत से इनके रिश्ते में दरार आ जाएगी। जानिए, सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से जुड़ा अपडेट। मिहिर ने बेटे अंगद की शादी मिताली से तय की। अचानक शादी वाले दिन अंगद गायब हो जाता है। वह वृंदा से मंदिर में जाकर शादी कर रहा है। यह बात तुलसी को पता चलती है। वह अंगद और वृंदा की शादी रोकना चाहती है। दरअसल, तुलसी को लगता है कि अंगद की इस हरकत से मिहिर टूट जाएगा। साथ ही तुलसी और मिहिर का रिश्ता भी बिखर सकता है। जब मिहिर को एक न्यूज चैनल से अंगद और वृंदा की शादी खबर पता चलती है तो वह वीडियो में तुलसी को भी खड़े देखता है। इससे मिहिर को लगता है कि अंगद और वृंदा की शादी तुलसी ने करवाई है। जबकि तुलसी तो शादी रोकने गई थी। लेकिन इस गलतफहमी के कारण तुलसी और मिहिर के बीच दूरियां बढ़ जाएंगी। विरानी परिवार में भी अंगद के शादी के फैसले से टेंशन काबन जाएगा। नए-नए ट्विस्ट के कारण ही सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' कुछ महीनों में ही टीआरपी चार्ट में टॉप 2 में शामिल है। हालिया टीआरपी चार्ट में यह दूसरे नंबर रहा। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 44वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। पहले नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' है।


## तेजस्वी ने बताया कैसे डबल करती हैं पैसे

**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर ही नहीं, बल्कि हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। वह पिछले काफी समय से लगातार काम कर रही हैं और अब खूब रियलिटी शोज भी नजर आ रही हैं। यानी तेजस्वी प्रकाश इस वक्त खूब कमाई कर रही हैं। पर एक्ट्रेस होने के साथ-साथ तेजस्वी प्रकाश एक बिजनेसवुमन भी हैं। तेजस्वी प्रकाश ने हाल ही एक पॉडकास्ट में बताया कि उन्होंने बहुत पहले ही इनवेस्टमेंट करना शुरू कर दिया था। उन्हें काम करते रहना पसंद है और अपना फ्री टाइम भी काम करने में इस्तेमाल करती हैं। तेजस्वी ने बताया कि उन्होंने 'बिग बॉस' में भी हिस्सा सिर्फ इसलिए लिया था क्योंकि तब कोविड चल रहा था। उन्हें काम करने का इतना शौक है कि अभी भी एक्टिंग तो कर ही रही हैं, पर साथ ही रियल एस्टेट बिजेनस भी कर रही हैं। तेजस्वी ने आगे कहा, 'मैं उस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल नहीं कर रही, पर मुझे घर बैठे उससे कमाई हो रही है।



# दानिश की फिल्म से करेंगे वापसी

**मुंबई।** आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान 10 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। वह अपने पुराने दोस्त और निर्देशक दानिश असलम के साथ एक नई फिल्म बना रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने 15 साल पहले 'ब्रेक के बाद' बनाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी वापसी और इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की।इमरान ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'ब्रेक के बाद' की तरह ही है। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म मेरे और दानिश के जीवन के अनुभवों से बनी है। दानिश की शादी हो चुकी है, और मेरा तलाक हो गया है। यह एक निजी प्रोजेक्ट है, जो दोस्तों के साथ मिलकर कहानी कहने की इच्छा से शुरू हुआ।' फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पोस्ट-प्रोडक्शन में है। जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज डेट की घोषणा होगी। इस फिल्म में इमरान के साथ अभिनेत्री भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। इमरान ने बताया कि भूमि को चुनना सबका साझा फैसला था। उन्होंने सेट पर



खुशनुमा माहौल बनाया। इमरान ने कहा, 'यह मेरे करियर का सबसे मजेदार सेट था।' फिल्म में अभिनेता गुरफतेह पीरजादा भी हैं। इमरान ने बताया कि उन्होंने पहले 'ब्रेक के बाद' फिल्म के लिए मना कर दिया था। उस समय वह 'आई हेट लव स्टोरीज' की शूटिंग कर रहे थे। दानिश ने उन्हें कहानी सुनाने की कोशिश की, लेकिन इमरान को कहानी सुनना पसंद नहीं था, इसलिए उन्होंने मना कर दिया। बाद में एक पार्टी में दानिश से मुलाकात हुई और उनकी बातचीत से इमरान का मन बदल गया। दानिश ने उन्हें स्क्रिप्ट भेजी, जो इमरान को पसंद आई, और फिर उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की।

# 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज होगा 'शोले' का 4के संस्करण...

**मुंबई।** निर्देशक रमेश सिप्पी की कल्ट फिल्म 'शोले' अपनी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर 4के वर्जन में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। इस बार 'शोले- द फाइनल कट' के रूप में सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी और जया की प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म 12 दिसंबर को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। इस बार दर्शकों को फिल्म का मूल अंत देखने को मिलेगा, जिसे 1975 में आपातकाल के दौरान सेंसरशिप के कारण बदल दिया गया था। मूल सीन में ठाकुर (संजीव कुमार) गब्बर सिंह (अमजद खान) को बदले की भावना से स्पाइक वाले जूतों से मारते हैं। सेंसर बोर्ड ने इसे हिंसक मानकर हटा दिया था।'शोले' फिल्म को कई बार री-रिलीज किया गया है। इसे 2004 में 30वीं वर्षगांठ पर 70 मिमी रीस्टोर किया गया। इसके बाद 2014 में 3डी वर्जन और 2024 में 4के वर्जन शामिल है। सबसे हालिया री-



रिलीज की घोषणा 15 अगस्त 2025 को इसकी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर की गई थी। अब यह फिल्म 12 दिसंबर, 2025 को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। 'शोले' ने 1975 में रिलीज के बाद से भारतीय संस्कृति पर गहरी छाप छोड़ी है। यह सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म है। इस साल टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी इस फिल्म को सराहा गया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जया बच्चन, हेमा मालिनी, संजीव कुमार और अमजद खान जैसे सितारों का अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया। यही वजह है कि यह एक कल्ट फिल्म बन चुकी है।


## समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाता है मीडिया

# इन फिल्मों में दिखी पत्रकारिता की असल तस्वीर

*नई दिल्ली। समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाना, सत्ता से सवाल करना, आम लोगों की आवाज बनना। इन सभी बातों को प्रमुखता से रखने का काम मीडिया करता है। सिनेमा और मीडिया कभी अछूते नहीं रहे हैं। हम बात करेंगे उन हिंदी फिल्मों की, जिनमें पत्रकारिता और मीडिया के रूपों को दिखाया गया है। साथ ही उनके संघर्षों को भी उजागर किया गया है।*



**धमाका :** राम माधवानी के निर्देशन में साल 2021 में फिल्म 'धमाका' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिनके किरदार का नाम अर्जुन पाठक रहता है। फिल्म में अर्जुन पाठक एक पत्रकार रहते हैं, जो मुंबई में हुए आतंकवादी हमले का लाइव ब्रॉडकास्ट कवर करता है। इस हमले के बाद उसकी पूरी जिंदगी बदल जाती है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा मृणाल ठाकुर, अमृता सुभाष, विकास कुमार आदि भी अहम किरदारों में नजर आए थे।



**नो वन किल्ड जेसिका :** साल 2011 में आई फिल्म 'नो वन किल जेसिका' भी मीडिया के पहलुओं को दिखाती है। फिल्म का निर्देशन राजुकमार गुप्ता ने किया था। फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदारों में नजर आई थीं। फिल्म में रानी मुखर्जी ने एक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। आपको बता दें कि यह फिल्म जेसिका लाल केस की सत्य घटना पर आधारित है, जिसमें सिस्टम की कई खराबियों को कैमरे पर दिखाया गया है। फिल्म में पत्रकार बनीं रानी मुखर्जी हत्यारों के खिलाफ सबूत जुटाने में सबरीना की मदद करती हैं।



**क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता :** गोविंदा की यह फिल्म भले ही एक कॉमेडी-ड्रामा हो, लेकिन इसमें पत्रकारिता और मीडिया की ईमानदारी का संदेश स्पष्ट रूप से सामने आता है। इस फिल्म में अभिनेता मोहनिश बहल ने पत्रकार की भूमिका निभाई थी, जो सच को उजागर करने का प्रयास करते हैं। हालांकि उनकी हत्या कर दी जाती है। यह फिल्म साल 2001 में आई थी, जिसका निर्देशन डेविड धवन ने किया था।

**नायक :** साल 2001 में एस. शंकर के निर्देशन में फिल्म 'नायक' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभिनेता अनिल कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिन्होंने शिवाजी राव नामक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। फिल्म में उस पत्रकार को मुख्यमंत्री का इंटरव्यू करने का मौका मिलता है। इसके बाद वह मुख्यमंत्री से काफी तीखे सवाल करता है। फिर उस पत्रकार को एक दिन का मुख्यमंत्री बना दिया जाता है। इसके बाद की कहानी काफी रोचक होती है। इसमें पत्रकार सत्ता से सवाल करते हुए अपना धर्म निभाता है।



## खबर संक्षेप

### सांसद सुरजेवाला ने पूर्व सीपीएस मान के भाई के निधन पर जताया शोक

**चरखी दादरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने पूर्व सीपीएस रणसिंह मान के छोटे भाई रिटायर्ड बैंक मैनेजर उमराव सिंह मान के निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील धानक, पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी, पूर्व विधायक सोमबीर सांगवान, हिसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल, कर्मवीर मायना, राजेश संदलाना, राजेश गोपी, सोमबीर श्योराण, सतेंद्र मोर, भूपेंद्र नेहरा, राजेश अहलावत, राजेश झोझू, राजेश पातुवास, राजबीर फोगाट, बलजीत फोगाट, जय प्रकाश सभ्रवाल, पार्षद मनोज वर्मा, एडवोकेट सूबे सिंह, सत्यवान शास्त्री, सुधीर चांदवास, पवन शर्मा, हरिराम खुडानिया, नरेंद्र पप्पू दहिया आदि ने उमराव सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### आचार्य जयदेव जयसिंह महाराज का निधन, डुलाना में अंतिम संस्कार

**महेंद्रगढ़।** निकटवर्ती बुचियाली आश्रम के आचार्य जयदेव जयसिंह महाराज का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव डुलाना में किया गया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरा दुख व्यक्त किया। पूर्व शिक्षा मंत्री ने बताया कि कॉलेज काल से ही उनका आचार्य जयसिंह महाराज के साथ घनिष्ठ संबंध रहा। एमए करने के बाद महाराज जी ने बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार का कार्य शुरू किया और देशभर में भ्रमण कर बौद्ध उपदेश दिए। वे अत्यंत सिद्ध संत माने जाते थे और समाज को हमेशा सच्चाई व ईमानदारी के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहे।

श्रद्धांजलि देने वालों में विधायक कंवर सिंह यादव, राजेंद्र शर्मा, सतीश यादव रिवासा, शीशपाल पाएगा, महिपाल पाएगा, भंवर डुलाना, निहाल डुलाना, जयप्रकाश डुलाना, मुकेश डुलाना सहित स्थानीय लोग शामिल रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन

# छात्राओं को नशामुक्ति व स्वच्छता अभियान चलाने को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद की अध्यक्षता एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनूबाला एवं डॉ. मंजू के निर्देशन में एक दिवसीय शिविर का आयोजत किया। शिविर में लगभग 190 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। शिविर का मंगलारंभ योग और सूर्य नमस्कार के साथ किया। शिविर के आरंभ में स्वयंसेवकों ने बैज लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अतिथियों का सम्मान किया। डॉ. रेनूबाला ने प्राचार्य एवं अन्य सम्मानित सदस्यों का स्वागत और अभिनंदन वक्तव्य के माध्यम से किया।

प्राचार्य ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लेना जीवन को निखारता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा-मुक्ति के बारे में जागरूक किया और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. कविता गृहविज्ञान विभाग से शामिल हुई। डॉ. कविता ने स्वयंसेविकाओं को स्वास्थ्य और पोषण पर विस्तार व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने संतुलित आहार और स्वस्थ रहने के गुर सिखाए। तत्पश्चात सभी ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत का गायन किया, जिससे वातावरण में देशभक्ति व उत्साह का संचार हुआ। शिविर की प्रथम गतिविधि योग सत्र थी, जिसमें स्वयंसेवकों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न योगासन करवाए। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण और नशे, भ्रूणहत्या जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता फैलाना था, जिसके तहत स्वयंसेवकों को विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर जानकारी प्रदान की।

इसके बाद झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरुकता के लिए स्वच्छ भारत शीर्षक से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े संदेश लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाए। शिविर के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



**भिवानी।** लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करती छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*



**भिवानी।** शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना करते राष्ट्रपति अवॉर्डी लक्ष्मण गौड़।

### शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को मिलता है वास्तविक ज्ञान : गौड

**भिवानी।** डोभी तालाब स्थित मेगा माइंड किड्स स्कूल के छात्र-छात्राओं को गुरुग्राम स्थित रंगमंच फार्म के शैक्षणिक भ्रमण के लिए राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवॉर्डी लक्ष्मण गौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण का संयोजन प्राचार्या मंजू शर्मा ने किया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सत्यनारायण सैनी, कृष्ण सैनी, संजय सैनी, कुलदीप सैनी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवॉर्डी लक्ष्मण गौड़ व प्राचार्या मंजू शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को वास्तविकता एवं ऐतिहासिक धरोहरों के महत्व की जानकारी प्राप्त होती है तथा उन्हें अपने देश व प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के महत्व का सही मायने में पता चलता है। गुरुग्राम रंगमंच फार्म में हरियाणवी सांग, संस्कृति व हरियाणा का इतिहास के साथ-साथ रंगमंच के इतिहास से रूबरू होने का मौका मिलता है। रंगमंच में विभिन्न प्रकार के खेल, नाटक, पौराणिक कथाओं की जानकारी तथा लोक नाटय परंपरा हरियाणवी सांग विद्यार्थियों को हरियाणी संस्कृति से रूबरू करवाते हैं। प्रबंधन समिति के सदस्यों ने कहा कि विद्यालय के 100 विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। हर महीने में उन्हें गौरवशाली ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण नगरों व धार्मिक स्थलों का भ्रमण करवाया जाता है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। शैक्षणिक भ्रमण में अध्यापिका पूजा, सीमा, आस्था, मीनू, नीरज, सुनेजा, पिंकी, सीमा राघव व कविता आदि शामिल रही।

## आरपीएस ने जीता गर्ल्स स्टेट चैंपियनशिप का खिताब




**महेंद्रगढ़।** खुशी जाहिर करती हुईं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एकबार फिर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में आयोजित अंडर-11 राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में आरपीएस के होनहारों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए गर्ल्स स्टेट चैंपियनशिप का खिताब जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव और प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी सहित आरपीएस स्टाफ ने सभी विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में छात्राओं के शानदार प्रदर्शन की बदौलत आरपीएस महेंद्रगढ़ ने इस वर्ष का प्रतिष्ठित गर्ल्स स्टेट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के गर्ल्स ग्रुप डांस में प्रथम, गर्ल्स सोलो सॉन्ग में प्रथम, गर्ल्स सोलो डांस में द्वितीय, गर्ल्स ग्रुप सॉन्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही छात्रों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और रनर-अप की ट्रॉफी पर कब्जा किया। पुरूष सोलो सॉन्ग में द्वितीय स्थान, पुरूष सोलो डांस में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने संपूर्ण टीम को बधाई दी।

विद्यार्थियों की सफलता उनकी लगन, माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के अथक प्रयासों का परिणाम है। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि बच्चों ने अपनी मेहनत और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आरपीएस विद्यालय महेंद्रगढ़ का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि यह जीत विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और प्रोत्साहन का प्रमाण है। इस प्रतियोगिता में राज्य के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया था।



**बहल।** बिधनोई गांव के दादा गोसाई धाम में आयोजित नशा मुक्ति अभियान व सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व अन्य अतिथियों का सम्मान करते हुए आयोजक। फोटो : हरिभूमि

# बिहार की जीत से देश को मिलेगी एक नई दिशा : जेपी दलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि बिहार राज्य में भाजपा की एकतरफा जीत भाजपा सरकार की देश व प्रदेशहित और हर वर्ग के हित में लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं की जीत है। इस जीत से देश को नई दिशा मिली है। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में फिर से अपनी प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहा है। भारत आत्मनिर्भर संकल्प के साथ विकसित देश की और अग्रसर है।

पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल रविवार को गांव बिधनोई के दादा गोसाई धाम में आयोजित नशा मुक्ति अभियान व सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, विधायक रणधीर पनिहार के सुपुत्र भूपेंद्र पनिहार, स्वामी डॉ. स्वदेश कबीर, सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य, चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश केडिया सहित अनेक लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया और करीब 25 से अधिक युवाओं ने रक्तदान किया।

जेपी दलाल ने कहा कि समाज के लिए काम करना पुण्य का काम है। इससे व्यक्ति को आत्मसंतुष्टि का भाव होता है और समाजसेवा का फल व्यक्ति को उसके जीवन में जरूर मिलता है। युवाओं का राष्ट और समाज हित की सोच रखते हुए अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने बिहार चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर बधाई देते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों की जीत है।

सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने कहा कि स्वास्थ्य मनुष्य का सबसे बड़ा धन है। हमें बुरे व्यसनों में अपना स्वास्थ्य खराब नहीं करना चाहिए व अपनी सयंमित दिनचर्या का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक आशीष खनगवाल ने अतिथियों का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर मार्केट कमेटी बहल के चेयरमैन रवि महमिया, सरपंच प्रतिनिधि मनोज कुमार, जिला पार्षद रविन्द्र मंढोली, डॉ. सुमन श्योराण, विरेन्द्र लांबा, सज्जन फौजी बिधनोई, अजय श्योराण बिधनोई, रामेश्वर फौजी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### फैंसी ड्रेस में छाए नन्हे-मुन्ने बच्चे



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारतीय संस्कृति का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे खण्ड शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा को प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सुरेश जांगड़ा, निर्मला जांगड़ा व कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत-सत्कार किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने विभिन्न प्रकार के फैंसी परिधान जैसे हरियाणवी, झांसी की रानी, स्ट्रॉबेरी, डॉक्टर, हेल्पर, पुलिस, होमगार्ड, वकील, पटाखा कमांडो, कार्टून, माइकल जैक्शन, प्रधानमंत्री, शिवाजी राव, फौजी, नो प्लास्टिक यूज, स्वास्थ्यवर्धक और स्वास्थ्य हानिकारक भोजन की मन मोहक भूमिका निभा कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मंच का कुशलता पूर्वक संचालन छात्रा रुधि, जानवी, भव्य एवं ऋषिका द्वारा मनमोहक अंदाज में किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका निर्मला जांगड़ा एवं डॉ.साक्षी ने निभाई। दूसरी ओर विद्यार्थियों ने जयपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने हवा महल, आमेर किला, जंतर मंतर, सिटी पैलेस, जल महल, बिरला मंदिर, बायोलॉजिकल जू पार्क, अल्बर्ट हॉल, म्यूजियम आदि सहित कई ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया तथा उन स्थानों से संबंधित शिक्षकों से अन्य जानकारी भी प्राप्त की। टूर संचालक मनीष शंकर ने बताया कि इस भ्रमण के दौरान 114 बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य राजस्थान की संस्कृति से परिचित करवाना है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष जोगेंद्र जांगड़ा, कश्मीर भाटी, हरिओम बावा, दीप्ति, अन्नु, हेमलता, रजनी सहित प्राथमिक विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### इंटरनेट प्लेटफॉर्म युवाओं को कर रहे भ्रमित : डॉ. भारत

**भिवानी।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने जिले के साहित्यकारों की बैठक दोपहर 12 बजे भारत शिक्षा सदन में बुलाई। बैठक में परिषद के हरियाणा प्रान्त के अध्यक्ष डॉ. मनोज भारत मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित हुए। द्वीप प्रज्ज्वलन और स्वागत की औपचारिकताओं के बाद बैठक में उपस्थित साहित्यकारों ने युवाओं में फैलती हिंसा, अनुशासनहीनता, परिवारों के विघटन की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की।

प्रान्तीय सहसचिव विनोद आचार्य ने बताया कि युवा अच्छे साहित्य से विमुख होते जा रहे है। डॉ. महेंद्र सागर अध्यक्ष भिवानी इकाई ने बताया कि बिना सेंसरशिप के चलने वाले इंटरनेट के प्लेटफॉर्म आज के युवा को भ्रमित कर रहे हैं। डॉ. भारत ने कहा कि बिना किसी नियामक व्यवस्था के ओटीटी प्लेटफॉर्म्स अपनी विकृत मानसिकता से हमारी रीति-नीति-परम्पराओं को खत्म करने की मंशा से काम कर रहे हैं, इन पर लगाम नहीं लगाई तो ये पूरे सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करके देश में अराजकता का वातावरण उत्पन्न कर देंगे। सभी साहित्यकारों ने सर्वसम्मति से हस्ताक्षर कर ऐसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की सामग्री पर तत्काल रोक लगाने तथा भविष्य में जारी होने वाली ओटीटी सामग्री पर नियंत्रण का प्रस्ताव पारित किया। बैठक में अनिल पृथ्वीपुत्र, अनिल वत्स, डॉ. महेश कौशिक, अंकुर अग्रवाल, पारस डालमिया, विकास नसीब, डॉ. विकास यशकीर्ति, खुशबू जैन, विजेंद्र गाफिल, सुरेश कलाकार, कपिल कौशिक धिराना, प्रांशु हरित, कविता वर्मा, कर्मबीर तिगड़ाना व सुभाष तंवर सहित 38 साहित्यकारों ने विचार रखे।

# पंजाब व हिमाचल की तर्ज पर पुरानी पेंशन लागू करने की उठाई मांग



**भिवानी।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रोष जताते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पेंशन बहाली संघर्ष समिति की बैठक जिला प्रधान नरेश मेहता की अध्यक्षता में राजकीय वमा विद्यालय में हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव सुरेंद्र श्योराण ने किया। बैठक में पेंशन बहाली संघर्ष समिति की 25 नवंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले प्रदर्शन को लेकर विचार-विमर्श किया तथा उपस्थितजनों को जिम्मेदारी सौंपी। जिला प्रधान नरेश मेहता ने बताया कि प्रदर्शन को लेकर समिति के सदस्य ब्लॉक स्तर पर कर्मचारियों से संपर्क करेंगे तथा उन्हें न्योता देंगे। जिला महासचिव सुरेंद्र श्योराण व शिवकुमार शास्त्री ने सरकार से मांग की कि साथ लगते राज्यों पंजाब व हिमाचल की तर्ज पर हरियाणा में भी पुरानी पेंशन को लागू किया जाए। प्रदर्शन के बाद अगर सरकार पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो वे जनआंदोलन करने पर मजबूर होंगे। बैठक में विरेन्द्र सिंह, संदीप, अशोक पूनिया, संदीप बिजली बोर्ड, राजेश जांगड़ा, भूपेन्द्र चाहर, महेन्द्र मान, प्रवीन ठकराल, अशोक चाहर, संजय पीजीटी, सुखबीर, कमलेश सैनी आदि ने अपने विचार रखे और कहा कि भिवानी जिले से हजारों की संख्या में कर्मचारी जंतर-मंतर पर पहुंचेगे।

हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग)

❖ श्री रिषी पाल सुपुत्र श्री केदार सिंह 338/25, विशाल नगर, गली नं. 5, सोनीपत ❖ मुकेश कुमार सुपुत्र श्री बनवारी लाल, विकास नगर, गली नं. 4, रेवाड़ी ❖ श्री जतिन सुपुत्र श्री सहीराम, म.नं. 360/30, देव कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री राजीव कुमार, सुपुत्र श्री राम, म.नं. 258/18, भीष्मपुरा, आर्य नगर, रोहतक ❖ श्री अमन सुपुत्र कंवल चावला, 1807/13, पाड़ा मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री कार्तिक सुपुत्र उमेश कुमार, 1060/11, डेयरी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री चाहत सुपुत्र नवीन, 630/12, गढ़ी मौहल्ला रोहतक ❖ श्री भूपेंद्र सिंह सुपुत्र रोशन सिंह, 869/ए 23, डीएलएफ कॉलोनी, रोहतक ❖ पवन कुमार पुत्र श्री राजकुमार निवासी 1210/4, हरीपुर, पंचकुला ❖ श्री जितेंद्र सिंह सुपुत्र राकुवार भट्टी, रविदास मंदिर, बैंसी, तह. महम, रोहतक ❖ श्रीमति अन्नु सुपुत्री अशोक, गांव व डा. बलियाणा, तह. सांपला, रोहतक ❖ निधि रानी सुपुत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद, गांव मुमताजपुर, नाहड़, कोसली, रेवाड़ी ❖ श्री किरण भल्ला पत्नी श्रीमति राज कुमार, म.नं. 410/29, राम गोपाल कॉलोनी, रोहतक ❖ गर्वित सुपुत्र श्री जवाहर सिंह मं नं. 104 A-1, पटेल नगर, सोनीपत ❖ राजेन्द्र प्रसाद सुपुत्र श्री गोकुल सिंह, गांव जोनावास, महेन्द्रगढ़ ❖ कुणाल शर्मा सुपुत्र श्री सुनील शर्मा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ सितम्बर रंगा सुपुत्र श्री अजायब सिंह, गांव सिहोर, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री महेश कुमार शर्मा सुपुत्र श्री माहवानंद, म.नं. 783/20, एकता कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री जगरूप शर्मा सुपुत्र श्री चंद्रस्वरूप शर्मा, गांव व डा. जसिया, तह. व जिला रोहतक ❖ अनिल कुमार सुपुत्र श्री राम कुमार जांगडा, गांव पाथेडा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ मुस्कान सुपुत्री श्री दिनेश कुमार, गौतम नगर, गोहाना, सोनीपत ❖ खुशी सुपुत्री श्री प्रमोद, ऋषिकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भोला कॉलोनी, करनाल ❖ रणबीर सिंह पुत्र श्री रामसरूप सिंह निवासी बैंक कालोनी, बस स्टैंड के सामने, रोहतक रोड़, भिवानी ❖ श्री नीरज सुपुत्र सुरेंद्र सिंह, 780/34, हरी सिंह कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री रामअवतार सुपुत्र मंगलीराम, मेन बाजार, नीयर खुराना अस्पताल, कलानौर, रोहतक ❖ श्री ओम सैनी पत्नी श्रीमति संतोष, शेरविंदर कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक ❖ अमित, एससीओ 410 FF, सैक्टर 8, पंचकूला ❖ डॉ. जकविंदर सिंह सुपुत्र चौधरी सूरज सिंह, गांव व डा. बन, तह. लाडवा, करनाल ❖ कृष्ण पुत्र श्री सतबीर, जुलाना, वार्ड नं.7 नियर शिव मंदिर, जीन्द ❖ शिवम सुपुत्र श्री मनोज कुमार, गांव जुलाना, जीन्द ❖ सत्यनारायण गुप्ता सुपुत्र श्री मदनलाल गुप्ता, वार्ड नं. 1, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री पंकज सुपुत्र सत्यपाल, म.नं. 163/13, हनुमान कॉलोनी, गोहाना रोड, रोहतक ❖ परविन्दर कुमार सुपुत्र भूपेंद्र सिंह चावला, 647/23, डीएलएफ कॉलोनी, रोहतक ❖ पवन कुमार सुपुत्र श्री तोताराम, सिलारपुर, दुलोठ जाट, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ धनीराम सुपुत्र श्री सोहनलाल, सुलखा, बावल, रेवाड़ी ❖ धर्मसिंह सुपुत्र श्री बन्सी राम, गांव बिठवाना, रेवाड़ी ❖ सुशील सुपुत्र श्री धूप सिंह गांव जुलाना, जीन्द ❖ जतिन कुमार सुपुत्र श्री गणेश कुमार, उत्तम नगर, गली नं. 4, सोनीपत ❖ चन्द्र हास सुपुत्र श्री मातादीन, सलीमपुर, अटेली मण्डी, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ हुक्म चन्द सुपुत्र श्री प्रभाती लाल, गांव सिलाठपुर, दुलोठ जाट, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ पूनम देवी पत्नी श्री नारायण गांव खाण्डा, खरखौदा, सोनीपत ❖ बालकराम सुपुत्र श्री ताराचन्द, बुढा खेड़ा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ श्री सतपाल सुपुत्र श्री रामकुमार, खातीवास, झज्जर ❖ रामनिवास पुत्र श्री निहाल सिंह, गांव बिरधाना, झज्जर ❖ कृतिका सुपुत्री श्री राकेश, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ काव्या सुपुत्री श्री तरूण कुमार, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ देवेन्द्र सुपुत्र श्री ताराचन्द, गांव बुढा खेडा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ प्राची बत्तरा सुपुत्री श्री संजय, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ कमला देवी पत्नी श्री नरोत्तम दास, गुजरवास, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ सन्दीप सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद, वार्ड 8, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़।

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है :- फोन : 9253681019-20

- कार्यालय पता -

रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी
सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

## श्रीराम मंदिर में चल रहे श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा ज्ञान यज्ञ का पांचवां दिन

# श्रीमद्भागवत में भक्तिरस व दिव्य लीलाओं से सराबोर हुआ वातावरण

### धर्म, प्रेम, त्याग एवं सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती कृष्ण कथा : विधायक सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कमला नगर स्थित श्रीराम मंदिर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा ज्ञान यज्ञ में रविवार को पांचवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा स्थल पर सुबह से ही भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा का माहौल बना रहा। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने शिरकत की।

पूर्व पार्षद प्रवीण चावला ने बताया कि ये दिव्य सत्संग सतगुरू राधिकादास महाराज और स्वामी सदानंद महाराज के आशीर्वाद से निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि कथा 18 नवंबर तक चलेगी और उसी दिन भंडारे के साथ कथा का विधिवत समापन किया जाएगा।

कथा का वाचन कथावाचक अनिल प्रणामी महाराज ने किया, उनके ओजस्वी और भावपूर्ण वर्णन ने श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबो दिया। अनिल प्रणामी ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का ऐसा मनोहारी वर्णन किया कि पूरा पंडाल हरे कृष्ण, हरे कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा।



**भिवानी।** श्रीराम मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में झूमते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कालिया नाग पर भगवान श्रीकृष्ण का विजय स्वरूप नर्तन की कथा सुनाते हुए कहा कि किस प्रकार नन्हे श्रीकृष्ण ने कालिया नाग का मर्दन कर यमुना के विषैले जल को पुनः पवित्र किया, इसका दिव्य वर्णन सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा में उस प्रसंग का भी उल्लेख हुआ जब नटखट कृष्ण ने मिट्टी खाने की लीला रची और यशोदा माता को अपने मुख में संपूर्ण ब्रह्मांड का दर्शन करा दिया। अनिल प्रणामी जी ने बताया कि श्रीकृष्ण की माखन चोरी किसी शरारत की नहीं, बल्कि प्रेम, सरलता और अलौकिक आनंद की प्रतीक है।

विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला जीव को धर्म, प्रेम, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता विनोद चावला, मार्केट कमेटी के नवनियुक्त वाइस चेयरमैन संजय वधवा, सुमन मखीजा, राकेश अरोड़ा व दीनानाथ नारंग आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सीएचसी नाहड़ के नए भवन के निर्माण की मांग

**कोसली।** नाहड़ गांव की सामाजिक संस्था जागृति मंच व ग्राम पंचायत ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को मांगपत्र देकर नाहड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन निर्माण, पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध कराने व मूलभूत जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। संस्था के सदस्यों ने कहा कि उपतहसील व खंड मुख्यालय नाहड़ का अपना एक अलग ही सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक, भौगोलिक महत्व रहा है, लेकिन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। सीएचसी भवन में कमरों के अभाव के साथ छतों से पानी टपकता है, जिससे मरीजों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### यादव सभा के कैंप में 121 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। कैंप में 121 मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में डा. एसपी यादव ने मेडिसन, डा. अजय यादव ने हड्डी रोग, डा. गौरव यादव ने सर्जरी, डा. निशा यादव ने नेत्र रोग, डा. योगेन्द्र यादव ने चर्म रोग व डा. मनीष यादव ईएनटी के मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। इनके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव ने भी लोगों को फिजियोथेरेपी की सेवाएं प्रदान की। कैंप के आयोजन में सभा के प्रधान रामबीर यादव, जसवंत सिंह यादव, शशिभूषण, अमर सिंह, राम सिंह, प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव व गोकल राम ने सहयोग दिया।

### सोम प्रदोष व्रत रख कर श्रद्धालु करेंगे शिव की पूजा

**रेवाड़ी।** सोमवार को माह के दूसरे प्रदोष व्रत पर श्रद्धालु व्रत रखेंगे और पूरे विधि-विधान से अपने आराध्य देव महादेव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। हर माह में कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष में दो त्रयोदशी पड़ती हैं। ज्योतिषाचार्य अजय का कहना है कि यह व्रत भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। प्रदोष व्रत के दिन सुबह स्नान करने के बाद भगवान शंकर, पार्वती और नंदी को पंचामृत व गंगाजल से स्नान कराएं। भगवान शिव को बेल पत्र, गंध, फूल, धूप, दीप, नैवेद्य, फल, पान, सुपारी, लौंग, इलायची अर्पित करें।

## जिले में हिंद की चादर यात्रा के आगमन पर साध संगत ने पुष्प वर्षा से किया अभिनंदन

# श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर शहर में श्रद्धापूर्वक निकाली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी





रेवाड़ी। शहर में यात्रा का स्वागत करते हुए लोग। व करतब दिखाते हुए गतका पार्टी। फोटो : हरिभूमि

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में फरीदाबाद से रेवाड़ी पहुंची हिंद की चादर शहीदी यात्रा का रविवार को जिले में भव्य स्वागत किया गया। शहीदी यात्रा के साथ शहर में नगर कीर्तन निकाला गया। विभिन्न स्थानों पर संगत ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। शहर में धार्मिक माहौल बना रहा और वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयकारों से पीतल नगरी गुंजायमान रही। गुरुग्राम से जिले की सीमा में शहीदी यात्रा का आगमन हुआ। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति सदस्यों ने यात्रा का स्वागत किया। पंज प्यारों की अगुवाई में आई यात्रा का दिल्ली रोड उत्तम नगर स्थित गुरुद्वारा में सबसे पहले आगमन हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष डा.वंदना पोपली व एसडीएम सुरेश कुमार ने यात्रा का अभिवादन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार हमारी महान विभूतियों के त्याग व समर्पण का संदेश आमजन तक पहुंचाने में प्रभावी रूप से अपना दायित्व निभा रही है। श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान की गौरवमयी गाथा का ज्ञान हर आमजन मानस तक पहुंचाने के लिए शहीदी यात्रा युवा शक्ति के सार्थक संदेश देने में सशक्त माध्यम बन रही है। गुरुद्वारा संत कुटिया से यात्रा धारूहेड़ा चुंगी व बस स्टैंड रोड से अग्रसेन चौक पर पहुंची। अग्रसेन चौक पर गतका पार्टी की ओर से चक्र घुमाना, तलवारबाजी व लट्ठबाजी के हैरतअंगेज करतब दिखाए। अग्रसेन चौक से नगर कीर्तन के साथ शहीदी यात्रा भाड़ावास गेट से पुरानी सब्जी मंडी, घंटेश्वर मंदिर, गोकल गेट, रेलवे स्टेशन चौक से रेलवे रोड स्थित सिंह सभा गुरुद्वारा पहुंची। जिला के सिख समाज की ओर से जगह-जगह जलपान और प्रसाद की व्यवस्था की गई। सिंह सभा गुरुद्वारा में लंगर की व्यवस्था की गई। गुरुद्वारा सिंह सभा से यात्रा ने नाईवाली चौक से नारनौल के लिए प्रस्थान किया। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से यात्रा में एलईडी वैन के माध्यम से सरकार की ओर से संत महापुरुषों के जीवन वृतांत को भी दिखाया जा रहा है। यात्रा की अगुवाई कर रहे गुरुद्वारा सिख प्रबंधन कमेटी के सदस्य तेजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, शिक्षाओं और सर्वोच्च बलिदान को दर्शाती यह शहीदी यात्रा शहर के लिए आस्था का प्रतीक रही है। श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म और देश की रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान दिया। नगर कीर्तन यात्रा, गुरु जी के तप, त्याग, विचार और धर्म रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

### पुलिस-प्रशासन का रहा बेहतरीन व्यवस्था प्रबंधन

*गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में निकाली गई हिंद की चादर शहीदी यात्रा के आगमन से रवानगी तक पुलिस प्रशासन की ओर से बेहतरीन व्यवस्था प्रबंधन किया गया। डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में एसडीएम सुरेश कुमार प्रशासनिक व्यवस्था के साथ तथा डीएसपी पवन कुमार व डीएसपी डा.रविंद्र पुलिस प्रशासन की ओर से यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सजग नजर आए। इस अवसर पर संत कुटीर गुरुद्वारा के संत जगदेव सिंह तलवंडी, सरदार कृपाल सिंह, सरदार स्वर्ण सिंह सहित भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामपाल यादव, हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजी.कृष्ण कुमार, भाजपा जिला महामंत्री पंडित हिमांशु पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष सुमन चौहान, जीतेन्द्र यादव, बलजीत यादव, धीरज यादव, प्रवीण शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी जतिन अरनेजा, जिला कोषाध्यक्ष गौरव शर्मा, आईटी प्रमुख नवीन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा नीतू चौधरी, कार्यालय प्रभारी सतपाल धुधिया, जिला कार्यकारिणी सदस्य अमृत कला टिकनिया, मंडल अध्यक्ष रेवाड़ी समीर कालरा, मंडल महामंत्री मीरपुर सतीश बुढ़ाना, आशा मखीजा व स्वीटी चौहान सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।*



रेवाड़ी। दिल्ली रोड स्थित रेजांगला युद्ध स्मारक। फोटो : हरिभूमि

## रेजांगला शौर्य दिवस समारोह कल शहीद परिवारों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर की ओर से 18 नवंबर को मनाएं जाने वाले रेजांगला शौर्य दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंगलवार को प्रातः 9 बजे महात्मा यश देव व रामकृष्ण शास्त्री के सानिध्य में वैदिक आश्रम की टीम की ओर से रेजांगला युद्ध स्मारक पर हवन के साथ समारोह की शुरूआत होगी। शहीद परिवारों की वीर नारियों के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में युद्ध के जीवित योद्धा हवलदार निहाल सिंह सेना मेडल, कप्तान रामचंद्र मोहनपुर व हवलदार गजे सिंह बेवल गेस्ट ऑफ आनर्स होंगे। रेजांगला ट्रस्ट चेयरमैन कर्नल रणबीर सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा कार्यक्रम में समन्वयक की भूमिका रेजांगला शौर्य समिति अध्यक्ष राव संजय सिंह और महासभा हरियाणा के महासचिव जग मोहन यादव रहेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, डीसी अभिषेक मीणा, डा. अशोक अध्यक्ष अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर, ब्रिगेडियर करतार सिंह उपाध्यक्ष महासभा, कमांडेंट अशोक कुमार यादव 28 बटालियन आईटीबीपी, डीसीपी ओपी यादव, राव धर्मपाल अध्यक्ष हरियाणा महासभा, पूर्व विधायक रणधीर सिंह व वरिष्ठ नेता वीर कुमार शिरकत करेंगे। समारोह में 18 नवंबर को जन्मी कला एवं संस्कृति क्षेत्र की प्रतिभावान छात्राओं को रश्मि यादव 10-10 हजार रुपये की दो स्कॉलरशिप तथा शहीद परिवार की दो बालिकाओं को इंदिरा यादव स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। रेजांगला शौर्य समिति महासचिव राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत ने बताया कि समारोह में रेजांगला युद्ध के सभी तथा जिले के अन्य ऑपरेशन के शहीद परिवार जनों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## राजा राव गोपाल देव को बलिदान दिवस पर किया याद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

रविवार को शहर के गणमान्य लोगो ने नारनौल रोड चौक स्थित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके सन 1857 की क्रांति के महानायक राजा राव गोपाल देव को बलिदान दिवस पर याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। राजा राव गोपाल देव का जन्म रेवाड़ी राजघराने के राजा राव तेज सिंह के पुत्र राव नाथूराम के यहां हुअ था। राव गोपाल देव 41 गांव के स्वामी थे। नसीबपुर में मुट्ठी भर क्रांतिकारियों के साथ अंग्रेजों की भारी सेना के छक्कें छुड़ा दिए थे, इसके बाद राव गोपाल देव बीकानेर रियासत चले गए। अंग्रेजों की ओर से राव गोपाल देव को माफी नामा देने की पेशकश की गई, परंतु उन्होंने इस पेशकश को ठुकरा दिया, जिसके बाद अंग्रेजों ने राव गोपाल देव की 41 गांव की जागीर जप्त कर ली। इस मौके पर शहरवासियों ने नसीबपुर के मैदान में अंग्रेजी सेना से लोहा लेते हुए शहीद हुए राजा राव गोपाल देव व 5000 जवानों की शहादत को नमन किया।



रेवाड़ी। राव गोपाल देव को श्रृद्धांजलि अर्पित करते लोग। फोटो : हरिभूमि

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर राव गोपाल देव के वंशज सुनील राव, नरेंद्र मोनू राव एडवोकेट वाइस चेयरमैन लीगल ह्यूमन राइट्स डीसीसी, जोगिंदर राव एडवोकेट, भव्य प्रताप राव, विश्वेंद्र राव, आशुतोष राव, वियान राव, वान्या राव, अनिल राव, रणविजय सुल्तानिया, दीपक राव जागीरदार, जिला कांग्रेस शहरी अध्यक्ष प्रवीण शालू चौधरी, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष छावड़ी, राजेंद्र यादव पूर्व पार्षद, सत्येंद्र यादव नगर पार्षद, नीरज नगर पार्षद, लोकेश यादव नगर पार्षद, दीपिका, लवली यादव, बीर सिंह प्रधान प्रजापत, विनय यादव पूर्व पार्षद, पूर्व पार्षद डा. सत्यनारायण, एडवोकेट जसवीर पूर्व प्रधान बार, राकेश राव एडवोकेट, योगेन्द्र यादव एडवोकेट मेंबर ब्लॉक समिति आदि मौजूद रहे।

### ये मौजूद रहे

इस मौके पर राव गोपाल देव के वंशज सुनील राव, नरेंद्र मोनू राव एडवोकेट वाइस चेयरमैन लीगल ह्यूमन राइट्स डीसीसी, जोगिंदर राव एडवोकेट, भव्य प्रताप राव, विश्वेंद्र राव, आशुतोष राव, वियान राव, वान्या राव, अनिल राव, रणविजय सुल्तानिया, दीपक राव जागीरदार, जिला कांग्रेस शहरी अध्यक्ष प्रवीण शालू चौधरी, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष छावड़ी, राजेंद्र यादव पूर्व पार्षद, सत्येंद्र यादव नगर पार्षद, नीरज नगर पार्षद, लोकेश यादव नगर पार्षद, दीपिका, लवली यादव, बीर सिंह प्रधान प्रजापत, विनय यादव पूर्व पार्षद, पूर्व पार्षद डा. सत्यनारायण, एडवोकेट जसवीर पूर्व प्रधान बार, राकेश राव एडवोकेट, योगेन्द्र यादव एडवोकेट मेंबर ब्लॉक समिति, एडवोकेट सुरेंद्र पाल पूर्व सरपंच, बाबूलाल मीरपुर, प्रधान मलखान सिंह यादव, राम मेहर पटौदी, कृष्ण वीर भाड़ावास, खुशहाल पोसवाल एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## मेघवाल शब्द सामुदायिक एकता आत्मसम्मान और प्रगति का प्रतीक

*अपमानजनक शब्द समाज में विभाजन पैदा करते हैं*

- हम अपने बच्चों को वह दुनिया दें, जहां वे गर्व से अपना नाम लें, न कि शर्म से सिर झुकाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। मेघवाल उत्थान समिति की बैठक में मौजूद समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

रविवार को गांव करनावास में आयोजित मेघवाल उत्थान समिति की सभा में समाज ने एक स्वर में अपनी गौरवशाली ऐतिहासिक पहचान मेघवाल शब्द को अपनाने का संकल्प लिया। सभा की अध्यक्षता अशोक सरपंच करनावास ने की व मंच संचालन राहुल मेघवाल ने किया। इस अवसर पर संरक्षक वेदप्रकाश ने कहा अपमानजनक शब्द समाज में विभाजन पैदा करते हैं। हमें इन्हें जड़ से उखाड़ फेंकना है और गौरवशाली नाम मेघवाल को अपनाना है। समिति के प्रधान सूरजभान ने कहा मेघवाल शब्द सामुदायिक एकता, आत्मसम्मान और प्रगति का प्रतीक है। सचिव भूपेंद्र शेखपुर ने समाज से अपील करते हुए कहा कि हम अपने बच्चों को वह दुनिया दें, जहां वे गर्व से अपना नाम लें, न कि शर्म से सिर झुकाएं। सभा में रिटायर्ड सूबेदार मेजर बलबीर सिंह, सलाहकार सुंदरलाल भटेड़यिा, रेवाड़ी ब्लॉक प्रधान सुजान सिंह मेघवाल, रेवाड़ी जिला प्रधान महेंद्र सिंह झाझरिया, सह सचिव अशोक मेघवाल, जगदीश चोपड़ा उप प्रधान, देवेंद्र पाल मैनेजर व सतीश कुमार नांगल तेजू सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



## एनएसएस इकाई ने आई लव रेवाड़ी टीम के साथ दिया स्वच्छता का संदेश

**रेवाड़ी।** आरडीएस गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से रविवार को आई लव रेवाड़ी टीम के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान पंडित भगवत दयाल चौक रेवाड़ी से कालाका रोड तक चलाया गया। कॉलेज प्राचार्य डा. दलबीर सिंह ने छात्राओं व टीम के साथ कालाका रोड पर सफाई करके लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। सफाई अभियान के बाद महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार भट्टेवाले और सचिव प्रवीण कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। इनके अलावा विधायक लक्ष्मण यादव के पुत्र निशांत यादव ने भी कार्यक्रम में शिकरत की। उन्होंने सभी से शहर को साफ-सुथरा रखने का आग्रह किया। वार्ड से कैप्टन देवदत्त ने सभी अतिथियों का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर एनएसएस की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। छात्रा पूर्वी ने तिरंगे के सम्मान में हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया। सुषमा ने सभी को योगा अभ्यास कराकर निरोग रहने की अपील की। प्रोफेसर मिथलेश यादव ने मंच संचालन किया। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. पिंकी शर्मा, कमेटी के सदस्य डा. प्रवीण कुमारी, डा. चारू रानी, डा. क्रांति शर्मा तथा नॉन टीचिंग स्टाफ से लोकेश्वर शर्मा, राजेंद्र, प्रदीप, जोधा, संगीता, सुशीला व कोमल मौजूद थे।

## डाइट हुसैनपुर में आज से होगी स्कूल मुखियाओं की तीन दिवसीय क्षमता वर्धन ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। हुसैनपुर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान। फोटो : हरिभूमि

स्कूल का मुखिया विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, स्कूल की प्रगति व उन्नति में निर्णायक भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को केंद्र में रखकर डाइट हुसैनपुर में जिले के स्कूल मुखियाओं का तीन दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार 17 नवंबर से प्रारंभ किया जाएगा। वरिष्ठ प्राध्यापक व प्रशिक्षण अभियान के नोडल अधिकारी डा. बीर सिंह ने बताया कि डाइट में प्राचार्य का पद रिक्त होने के कारण प्रशिक्षण कार्यक्रम की अनुमति निदेशालय स्तर से ली गई है, क्योंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विद्यालय मुखियाओं का प्रशिक्षण अति आवश्यक है। सभी मुखिया प्रशिक्षण कार्यक्रम का व्यावहारिक फायदा उठाएं। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, प्री टेस्ट, एक्टिविटी, पोस्ट टेस्ट, फीडबैक व उपस्थिति आदि प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। टेक्निकल कार्य में प्राध्यापक अशोक यादव व सत्यपाल सहयोग करेंगे। सभी प्रक्रियाओं से गुजरने के उपरांत प्रशिक्षुओं को ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्राप्त होगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में एससीईआरटी हरियाणा गुरुग्राम व अन्य राष्ट्रीय स्तर से प्रशिक्षित ज्योत्सना प्राध्यापिका अंग्रेजी रावमावि संगवाड़ी, दीपक कुमार प्राध्यापक मनोविज्ञान, सुदेश शर्मा प्राध्यापक इतिहास, सत्यपाल अंग्रेजी व अशोक यादव गणित डाइट हुसैनपुर से मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका में निभाएंगे।

### प्रशिक्षण जानकारी

तीन दिवसीय प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की जानकारी, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क यानि एनसीएफ 2023, एनईपी-2020 के कार्यान्वयन में शिक्षकों और विद्यालय मुखियाओं की भूमिका, योग्यता आधारित शिक्षा, स्कूल मुखियाओं को सशक्त बनाना, कौशल, नवाचार और उद्यमिता, समावेशी शिक्षा और लिंग संवेदनशीलता, पुस्तकों से हटकर सीखना, सॉफ्ट स्किल, विद्यालय आधारित मूल्यांकन तथा माई करियर एडवाइजर एप विषय शामिल रहेंगे।

## आरबीएस मॉडल स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया वृद्धजन दिवस



**रेवाड़ी।** आरबीएस मॉडल पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल रामपुरा में वृद्धजन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश राजपाल सहित वृद्धाश्रम के सभी वरिष्ठ सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद थे। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बच्चों ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने नृत्य, समूहगान, कविता व नाटक का मंचन किया। वृद्धाश्रम से आए वरिष्ठ नागरिकों ने भी फन गेम्स, इंटरएक्टिव सत्र और रैंप वॉक में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश राजपाल ने कहा कि समाज की वास्तविक समृद्धि तभी संभव है, जब नई पीढ़ी अपने बड़ों के अनुभवों, संस्कारों और मूल्यों का सम्मान करें। बच्चों को वरिष्ठजनों से सीख लेने और पारिवारिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। विद्यालय के डायरेक्टर डा. विमल कुमार सिन्हा तथा प्रिंसिपल ऋतु ओबरॉय ने सभी का आभार व्यक्त किया। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में संवेदनशीलता, सम्मान और मानवीय मूल्यों को विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन की अध्यक्ष नेहा शर्मा, अनुकूल शर्मा, आरबीएस बीएड कॉलेज की प्रिंसिपल डा. कुसुम, आनंद, मनोहर लाल, चांद बाई, डा. के सी बत्रा, डा. दिनेश वर्मा, अमित पोपली, सीए आकाश गौड़, सरला सपरा, सोनिया पोपली व पूजा सैनी उपस्थित थे।

## प्रत्येक विद्यार्थी में छिपी प्रतिभा, केवल सही दिशा देने की आवश्यकता



**रेवाड़ी।** जैन पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। दसवीं के बाद संकाय चयन और बारहवीं के बाद करियर चुनने की चिंता पर आधारित कार्यशाला जिज्ञासा में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को स्वयं की प्रतिभा पहचानकर भविष्य चयन के लिए प्रेरित किया, वहीं अभिभावकों से बच्चों के लिए समय निकालकर उनकी क्षमता को पहचानने की अपील की। बच्चों के बदलते आचरण तथा मानसिक तनाव पर चिंता जताते हुए सोशल मीडिया के प्रयोग पर नियंत्रण की अपील की। कार्यशाला में अभिभावकों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने मंच संचालन किया। नसिया जी स्थित अकलंक शरणालय सभागार में आयोजित कार्यशाला में प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा ने अभिभावकों के साथ-साथ प्रबंधन समिति तथा रिसोर्स पर्सन का अभिनंदन किया। प्रबंधन समिति के प्रधान सीए मोहित जैन ने विद्यार्थियों को जीवन के विभिन्न चरणों में आने वाली चुनौतियों से अवगत कराते हुए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलने का आह्वान किया। उन्होंने कुम्हार, किसान व भगवान राम का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को भीड़ से अलग हटकर पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधन समिति की उपाध्यक्षा सीमा जैन, शासकीय निकाय सदस्य निपुण जैन, विजय जैन व प्रद्युम्न जैन ने रिसोर्स पर्सन का अभिवादन किया। रिसोर्स पर्सन अमित गांधी ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में प्रतिभा है, उन्हें केवल सही दिशा देने की आवश्यकता है। अभिभावक उनके लिए सही मार्गदर्शक का चयन करें। वर्तमान परिदृश्य में उन्हें जॉब लेने की नहीं जॉब देने की दिशा में सोचना चाहिए। उन्होंने शिक्षा को तकनीक के साथ जोडकर चलने की अपील की। वर्षा सिंह ने बच्चों को तनाव प्रबंधन एवं समय प्रबंधन के गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें स्वयं को मानसिक रुप से मजबूत बनाना है। सोशल मीडिया के प्रयोग पर नियंत्रण करके समय एवं तनाव प्रबंधन किया जा सकता है। पुनीत शर्मा ने अभिभावकों से बच्चों के व्यवहार पर नजर रखने तथा उनसे अधिक अपेक्षा न करने की अपील की।

**युवा महोत्सव** | इंदिरा गांधी विवि मीरपुर में दो दिन चलने वाले युवा महोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी

# आईजीयू में आज से होगा इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मीरपुर





मीरपुर। आईजीयू में युवा महोत्सव की तैयारी करती छात्राएं। व आईजीयू में ग्रुप डांस की रिहर्सल करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में 17 नवंबर से इंटर जोनल युवा महोत्सव हिंडोला का आगाज होगा। 18 नवंबर को युवा महोत्सव का समापन किया जाएगा। दो दिन चलने वाले युवा महोत्सव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यूथ फेस्टिवल के लिए आईजीयू में 6 मंच बनाए गए हैं। युवा महोत्सव में रेवाड़ी व महेन्द्रगढ़ के 40 कॉलेजों के करीब 1500 विद्यार्थी 44 विधाओं में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। यूथ फेस्टिवल के लिए सभी को जिम्मेदारियां सौंपने के साथ कॉलेजों को टीम कोड दे दिए गए है। हाल ही में हुए जोनल युवा महोत्सव में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी ही इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में भाग लेंगे। रेवाड़ी के केएलपी कॉलेज में 5 से 7 नवंबर को जोनल युवा महोत्सव अनुगूंज का आयोजन किया गया था, जिसमें 22 कॉलेजों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था तथा महेंद्रगढ़ में 19 कॉलेजों के प्रतिभागियों ने आरपीएस बलाना में 10 से 12 नवंबर को हुए जोनल युवा महोत्सव में भाग लिया था। दोनों जिलों के प्रथम चार स्थानों पर रहे प्रतिभागी अब मंगलवार व बुधवार को आईजीयू में होने वाले इंटर जोनल युवा महोत्सव में प्रतिभा दिखाएंगे।

### विद्यार्थी दो दिन इन इवेंट की देंगे प्रस्तुति

इंटर जोनल युवा महोत्सव के लिए आईजीयू में छह मंच तैयार किए गए हैं। पहले दिन प्रथम स्टेज पर युवा महोत्सव के उद्घाटन के बाद क्रिएटिव कोरियोग्राफी, हरियाणवी साफा बांधो प्रतियोगिताए, वन एक्ट प्ले, हरियाणवी लघु फिल्म, मिमिक्री प्रतियोगिताएं होंगी। दूसरे स्टेज पर वेस्टर्न सोलो इंस्ट्रूमेंटल, नुक्कड़ नाटक, हरियाणा महिला व पुरुष एकल नृत्य के मुकाबले होंगे। तीसरे स्टेज पर क्षेत्रीय आर्केस्ट्रा, वेस्टर्न ग्रुप सांग व हरियाणवी समूह गायन होगा।